Uturn Time 08 Mar 2026_Layout 2 08-03-2026 01:13 Page 1

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



इतने दिन तक शोक पर, लगा रखी थी रोक।
इतने दिन तक रोक कर, व्यक्त किया है शोक।
व्यक्त किया है शोक, रोक कर क्यों दिन इतने।
फिर भी लगता नहीं, दुखी हैं भैया कितने।
कह साहिल कविराय, प्रश्न हैं उठते कितने।
व्यक्त किया है शोक, रोक कर दिन क्यों इतने।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 54 | SUNDAY 08-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# मंत्री अरोड़ा की ड्रीम इंडस्ट्रीयल पॉलिसी बनी मास्टर स्ट्रोक, इंडस्ट्री बोली 100 % इंसेंटिव देने वाली देश की पहली पॉलिसी

**पंजाब/यूटर्न/7 मार्च। शनिवार को सीएम भगवंत मान लुधियाना पहुंचे। इस दौरान उनकी और से पंजाब इंडस्ट्रियल पॉलिसी लॉन्च की। इस दौरान इंडस्ट्री मंत्री संजीव अरोड़ा और शहर के हर सेक्टर के कारोबारी मौजूद रहे। सीएम मान व मंत्री अरोड़ा द्वारा कारोबारियों के साथ मीटिंग की गई। इस दौरान इंडस्ट्रियल पॉलिसी लॉन्चिंग के बाद सीएम ने कहा कि हम हिस्सा डालने वाले या लाल थैली लेने वाले नहीं हैं। हमारी बस एक ही चाहत है कि आपका बिजनेस बढ़े और यहां के युवाओं को नौकरी मिल जाए। वहीं इस पॉलिसी के ऐलान के बाद वहां मौजूद कारोबारियों को यकीन नहीं आ रहा था कि क्या ऐसी पॉलिसी सच में लाई जा रही है। पंजाब में जहां इंडस्ट्री को लेकर लोगों की सोच नेगेटिव हो गई थी। लेकिन इस पॉलिसी के बाद सभी हैरान है और इसे सपने जैसा मान रहे हैं। इस पॉलिसी के बाद लोगों द्वारा मंत्री संजीव अरोड़ा में पूर्व सीएम प्रताप सिंह कैरों की छवि को देख रहे हैं। जो इंडस्ट्रियल बेहद कम बोलते है, वह भी इस पॉलिसी की तारीफ करने से पीछे नहीं हटे।**

## पंजाब की इंडस्ट्री का भविष्य अच्छा होने वाला



रॉलसन टायर्स के मालिक संजीव पाहवा ने कहा कि यह एक ऐसी पॉलिसी है, जिसकी पंजाब में उम्मीद ही नहीं की जा सकती थी। इन्वेस्टमेंट करने पर कम से कम 10 सालों में 100 प्रतिशत वापिस मिलेगा। इस मास्टर स्टॉक ने पंजाबियों में उम्मीद पैदा कर दी है, कि इससे पंजाब की इंडस्ट्री का भविष्य काफी अच्छा होने वाला है।

## कुशल इंडस्ट्रियल मिनिस्टर का वीजन



कारोबारी राजीव गर्ग ने कहा कि इंडस्ट्री पॉलिसी में एक कुशल इंडस्ट्री मिनिस्टर का वीजन नजर आ रहा है। आज पंजाब में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस हैं, देश का बड़े से बड़ा कॉर्पोरेट घराना पंजाब में इंडस्ट्री लगाने में रुचि दिखाएगा। सरकारी को चाहिए कि वह इंडस्ट्री लैंड बैंक बढ़ाने पर भी फोक्स करे।

## ऐतिहास रचा गया



मंडी गोबिंदगढ़ के आदर्श गर्ग अनुसार मंत्री संजीव अरोड़ा की तरफ से ऐसी पॉलिसी लाकर ऐतिहास रच दिया गया है। यह देश की ऐसी पॉलिसी है, जिसे अगर बाकी स्टेट्स की पॉलिसी के साथ मिलाया जाए तो पहले नंबर पर आएगी। अगर अभी भी कोई इस पॉलिसी में नुकस निकालेगा, तो चांद पर दाग लगाने जैसा होगा।

## हिस्टोरिकल पॉलिसी कहना गलत नहीं



मंडी गोबिंदगढ़ के कारोबारी नारायण सिंगला ने कहा कि 100 प्रतिशत पेबैक इंडस्टलिस्ट की एक तरह की मनी बैक गरंटी है, जो पहली बार किसी स्टेट द्वारा दी गई है। इसे हिस्टोरिकल पॉलिसी कहना गलत नहीं होगा।

**नई इंडस्ट्री लगेगी...**गोल्ड स्टोन के भूपेश जैन ने कहा कि सरकार ने जिस हिसाब से इन्सेंटिव दिए हैं, इसका नई इंडस्ट्री को पहले दिन से फायदा मिलेगा। इससे पंजाब में नई इंडस्ट्री लगेगी।



## लोगों को सोचने पर मजबूर किया

अनब्रेको के संजीव कालड़ा ने कहा कि आज जो पॉलिसी है, उसने पंजाब से बाहर जाकर यूनिट लगाने वालों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। उनका कहना है कि अगर पुरानी सरकारें पहले ऐसी पॉलिसियां लाती तो कोई भी कारोबारी राज्य से बाहर न जाता।



## यह एक मास्टर स्ट्रोक

ईस्टमैन के जेआर सिंघल ने कहा कि यह मास्टर स्ट्रोक है। ऐसी पॉलिसी पहले राज्य को नहीं मिली है। ऐसी पॉलिसी इंडस्ट्री को अच्छे भविष्य की और लेकर जाएगी।

## इंडस्ट्री आगे लाने को अच्छी पॉलिसी की जरुरत



कारोबारी गुरमीत सिंह कुलार ने कहा कि पंजाब को अच्छी इंडस्ट्रियल पॉलिसी की जरुरत है। पंजाब पहले नंबर से 27वें नंबर पर पहुंच चुकी है। अगर राज्य को दोबारा उसी स्थान पर लाना है तो अच्छे प्रयास जरुरी है। लुधियाना बायसाइकिल इंडस्ट्री हब है, इस लिए इसे भी पहल के तौर पर रखना जरुरी है।



## जमीनीं तौर पर जरुरतें समझ बनाई पॉलिसी

सुदर्शन जैन ने कहा कि मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा इंडस्ट्री की जमीनीं तौर पर जरुरतों को समझकर इस पॉलिसी को बनवाया है। वह इंडस्ट्री की नबज समझते हैं। इससे 100 प्रतिशत फायदा मिलेगा।



## पॉलिसी में कई चीजें अच्छी


नरिंदर मिगलानी ने कहा कि इसमें कई चीजें अच्छी हैं। आगे जाकर जब इंप्लीमेंट होगी, तो इसके बारे में पूरी तरह से पता चलेगा। नई सब्सिडी और लेबर समेत कई चीजों के उपराले किए हैं, जो अच्छी बात है।



## पूरी पॉलिसियों के मुकाबले बड़े बदलाव

दर्शन डावर ने कहा कि पूरी पॉलिसी के मुकाबले बड़े बदलाव हुए हैं। इस पॉलिसी का स्वागत करते हैं। अभी सरकार ने बताया है कि वह अच्छा करने जा रहे हैं। आगे जाकर इसका पता चलेगा। कई तरह की सब्सिडी मिलेगी।

## सरकार के सकारात्मक इरादे दर्शाती पॉलिसी




एटीआईयू के प्रधान पंकज शर्मा ने कहा कि इंडस्ट्रियल पॉलिसी पंजाब में औद्योगिक विकास को पुनर्जीवित करने और नए निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार के सकारात्मक इरादे को दर्शाती है। इससे नए निवेश को बढ़ावा देने, पूंजी और ब्याज सब्सिडी प्रदान करने, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति करने और औद्योगिक पार्कों एवं लॉजिस्टिक्स अवसंरचना होगी।



## कमेटियों की रिकमेंडेशन की गई कवर

कारोबारी रजनीश गुप्ता ने कहा कि पॉलिसी में सभी इंडस्ट्रियल सेक्टर को कवर किया गया है। सरकार द्वारा हर सेक्टर की 24 कमेटियां बनाई थी। सरकार मुताबिक उन कमेटियों द्वारा दी गई रिकमेंडेशन में से 78 प्रतिशत मांगों को कवर किया है। कुल मिलाकर उनकी प्रेजनटेंशन अच्छी थी।

## टैरिफ न बढ़ना एक नया तोहफा



**कोहिनूर फर्म के अनिल सचदेवा ने कहा कि हर वर्ग को टच करने की कोशिश की गई है। इंडस्ट्री पर लगने वाले टैरिफ का इस बार नहीं बढ़ना, यह इंडस्ट्री के लिए बड़े तोहफे से कम नहीं है।**



## रात को भी चल सकेगी इंडस्ट्री

संजू धीर ने कहा कि अगर रात को बिजली इस्तेमाल की जाती है तो रिबेट एक रुपए दिया जाता था। गर्मी में बिजली इस्तेमाल पर दो रुपए पीक लोड था। लेकिन अब रिफंड दो रुपए होगा। जितना पैसे अधिक लेगें व वापिस भी करेगें।



## कैपिटल इन्वेस्टमेंट का दायरा बढ़ा

जी-13 बायसाइकिल फोर्म के प्रधान राजिंद्र जिंदल ने कहा कि सरकार ने कैपिटल इन्वेस्टमेंट का दायरा बढ़ाया है। पहले प्लांट एंड मशीनरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट माना जाता था। लेकिन अब अगर जनरेटर व और भी खर्चे होंगे, वह इसमें शामिल होंगे।



## एयरपोर्ट के साथ कनेक्टेड होंगे एग्जीबिशन सेंटर

विनोद थापर ने कहा कि आप सरकार एग्जीबिशन सेंटर एयरपोर्ट के साथ कनेक्टेड दे रही हैं, जो बहुत अच्छा कार्य है। कैपिटल सब्सिडी की भी परमीशनें दी है। ऑवर ऑल बहुत देर बाद ऐसी बढ़िया पॉलिसी आई है।

## इंडस्ट्री ने जितनी उड़ान भरनी है, भरे

सीएम ने कहा कि जो पॉलिसी आज हमने दी है यह इंडस्ट्री के लिए रन वे है इंडस्ट्री ने जितनी उड़ान भरनी है भरे, सरकार आपके साथ है। भारत को विश्व गुरु बनना है तो बिना पंजाब की तरक्की के नहीं बन सकता है। इंडस्ट्री मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि ऐसी पॉलिसी देश में कहीं नहीं है। यह पॉलिसी अरविंद केजरीवाल व मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में लाई गई। उन्होंने बताया कि सीएम का इंडस्ट्री से बहुत प्यार है। कैबिनेट में 10 मिनट में इसे पास किया गया था। उन्होंने कहा कि इसके लिए 24 कमेटियां बनी थी, जिन्होंने इसके लिए अपनी राय दी।

## संबंधित महकमों को एक जगह कर दिया

भगवंत मान ने कहा कि हमने व्यवस्था को सुधारने के लिए संबंधित महकमों को एक ही जगह केंद्रित कर दिया। हमने बिजली इंडस्ट्री और स्थानीय निकाय को एक जगह किया। सभी विभाग एक दूसरे के साथ जुड़े हैं। जिसका परिणाम यह है कि काम में तेजी आई है। पॉलिसी में अगर कोई दिक्कत आई तो वो हमें बताएं। उसमें बदलाव की जरूरत है तो उसे बदलेंगे। कागज पर जो लिखा है वो सब कुछ नहीं है। जो पब्लिक हित में होगा वो बदलाव करेंगे।




# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 की शुरूआत की

लुधियाना, यूटर्न, 07 मार्च। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लुधियाना में राज्य की नई औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 की शुरूआत करते हुए कहा कि पंजाब को देश का सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बनाने के लिए यह नीति लागू की गई है। उन्होंने कहा कि यह देश की सबसे प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों में से एक है, जो उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई नीति के तहत निवेशक 20 विभिन्न रियायतों में से अपने बिजनेस मॉडल के अनुसार प्रोत्साहन चुनकर अपना पैकेज तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार पूंजी सब्सिडी की पेशकश की गई है, जिससे उद्योगों को शुरूआती निवेश में बड़ी राहत



मिलेगी। इसके अलावा स्थिर पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक प्रोत्साहन देने का प्रावधान भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए रोजगार सृजन सब्सिडी की पात्रता को घटाकर 25 करोड़ रुपये निवेश और 50 कर्मचारियों तक कर दिया गया है। साथ ही मौजूदा उद्योगों के आधुनिकीकरण, मशीनरी अपग्रेड और उत्पादन विस्तार को भी इस नीति में प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब को 2022 से अब तक 1.55 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नई नीति से निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसरों में तेजी आएगी।

## मान सरकार के प्रयासों से पावर कॉर्पोरेशन को ए+ रेटिंग व 2634 करोड़ का मुनाफा: करमजीत कौर

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न, 07 मार्च। ज़िला योजना कमेटी की चेयरपर्सन करमजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार के प्रभावी प्रयासों के चलते पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PSPCL) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ए+ रेटिंग हासिल करते हुए 2634 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मान सरकार के कुशल प्रबंधन के कारण पावर कॉर्पोरेशन पहली बार एक मजबूत, कुशल और लाभ कमाने वाली संस्था के रूप में उभरा है। करमजीत कौर ने बताया कि बेहतर वित्तीय स्थिति के चलते पंजाब सरकार ने प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत देते हुए बिजली दरों में ऐतिहासिक कटौती की है। नए टैरिफ आदेश के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 1.5 रुपये प्रति यूनिट तक की कमी की गई है, जिससे लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।



## महिलाओं की हार्मोनल सेहत और मोटापे पर राष्ट्रीय मंथन, 'वी केयर 2026' सम्मेलन का आगाज

चंडीगढ़/मोहाली, यूटर्न, 07 मार्च। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय अकादमिक पहल 'वी केयर 2026' और ओबेसिटी वीक का शुभारंभ शनिवार को मोहाली के एक निजी होटल में हुआ। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर से आए एंडोक्राइनोलॉजिस्ट महिलाओं के स्वास्थ्य, हार्मोनल विकारों और तेजी से बढ़ती मोटापे की समस्या पर चर्चा कर रहे हैं। सम्मेलन में किशोरावस्था, गर्भावस्था और रजोनिवृत्ति के दौरान होने वाले हार्मोनल परिवर्तनों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। साथ ही एंडोक्राइन विकारों की समय पर पहचान और उनके प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। आयोजन की चेयरपर्सन डॉ. सरिता बजाज ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल करना स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## मोहाली के आर्यन दत्त बने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित '4 हॉर्स रेजीमेंट' में अधिकारी

चंडीगढ़, यूटर्न, 07 मार्च। मोहाली के युवा कैडेट Aryan Dutt ने भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी बनकर अपने परिवार और पंजाब का नाम रोशन किया है। Maharaja Ranjit Singh Armed Forces Preparatory Institute के 8वें कोर्स के कैडेट आर्यन दत्त को Officers Training Academy Gaya में आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान भारतीय सेना की प्रतिष्ठित 4 Horse Regiment में कमीशन मिला। परेड का निरीक्षण Lieutenant General Dhiraj Seth ने किया। आर्यन दत्त मोहाली निवासी वकील संगीता दत्त और स्वर्गीय कमांडर अमिताभ दत्त के पुत्र हैं। उनके



पिता भारतीय नौसेना में कमांडर के पद पर सेवाएं दे चुके थे। वर्ष 2017 में उनके निधन के बाद आर्यन ने पिता के सपने को आगे बढ़ाते हुए सेना में अधिकारी बनकर पारिवारिक विरासत को कायम रखा।

इस उपलब्धि पर पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री Aman Arora ने आर्यन को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है और युवाओं के लिए प्रेरणा बने हैं। संस्थान के निदेशक Ajay H. Chauhan ने कहा कि आर्यन दत्त का चयन उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि संस्थान के अन्य कैडेट भी जल्द ही प्रशिक्षण के लिए Officers Training Academy Chennai में शामिल होंगे।

ॐ

*सर्व शक्तिमते, परमात्मने श्री रामाय: नम:*



*श्रीमती संतोष जैन*

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी आदरणीय
श्रीमती संतोष जैन (पत्नी स्वर्गीय श्री त्रिभुवन लाल जैन) (घोड़े वाले)
अपनी सांसारिक यात्रा सम्पन्न कर शनिवार दिनांक 07 मार्च 2026 को प्रभु चरणों में विलीन हो गई है।

**रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा**

रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा दिनांक **08 मार्च 2026, दिन रविवार** को **प्रातः 11.00 बजे**, लोक पद्मा हॉल, जैन स्कूल, दरेसी, लुधियाना में होगी।

दुःखी हृदय

कमल-मधु जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
संजय-सोनिका जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
निशा-राकेश जैन 'नारोवाल वाले' (बेटी-दामाद)
(अध्यक्ष श्री आत्मानन्द जैन सभा (रजि.), लुधियाना
शालिनी-राकेश जैन 'रोमी' (बेटी-दामाद)
भविक- शुभ्रा जैन (भतीजा-भतीजावधु)
नीरू-संजीव जैन 'कसूर वाले' (भतीजी-भतीज दामाद)
सुधा-राजीव जैन (भतीजी-भतीज दामाद)
रिशा-संजय जैन (भतीजी-भतीज दामाद)
रोहित-मल्लिका जैन (पौत्र-पौत्रवधु)
संचित-विशाखा जैन (पौत्र-पौत्रवधु)
सनित-संजली जैन (पौत्र-पौत्रवधु)
लालिमा-अंकित धीर (पौत्री-पौत्री दामाद)
अर्णव जैन (पौत्र)
अमायरा जैन (पौत्री)
नमित-रिम्पी जैन (दोहता-दोहतवधु)
प्रांजल-चेतन जैन (दोहती-दोहत दामाद)
ख्याति-रजत सिंगला (दोहती-दोहत दामाद)
लाइका जैन (दोहती)
सनव, सिद्दिम जैन (पड़ पौत्र)
शायरा, अकिरा, इनरा, सियारा, सनाया जैन (पड़ पौत्रियां)

मायका परिवार: श्री जगन्नाथ दीवान चन्द प्यारे लाल आनन्द कुमार जैन, आगरा

*श्री ज्ञानचंद त्रिभुवन लाल कैलाश चंद जैन कमल जैन, संजय जैन, भविक जैन 'घोड़े वाले' समस्त परिवार*

**M/s. Indra Hosiery Mills, Indra Values, Gulmarg Beauty,**
**Mob. 98159-30000, 98140-07703, 98151-01008**

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS





VOL: 11 | ISSUE 54 | SUNDAY 08-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# पर्यावरण की कब्र पर बसा पत्थरों का शहर, आखिर सत्ताधारी व विपक्ष चुप क्यों !

लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। लुधियाना के पॉश इलाकों में धड़ल्ले से पेड़ काटे जा रहे हैं। हालात यह हैं कि कुछ रसूखदारों द्वारा नेताओं के साथ मिलकर अपनी रिहायश बनाने, कमर्शियल प्रोजेक्ट्स और अपनी जमीन को बढ़िया दिखाने की एवज में सड़कों पर लगे पेड़ काट दिए जा रहे हैं। चचाएं हैं कि इन पेड़ों को सिर्फ काटा नहीं जा रहा, बल्कि आगे बेचकर मोटी कमाई भी की जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि पर्यावरण की कब्र पर पत्थरों का शहर बस रहा है। इन आरोपों के तहत आम आदमी पार्टी के नेता और समाजसेवी रविंदर पाल सिंह घई द्वारा सीएम पंजाब, गवर्नर, लोकल बॉडी विभाग, एनजीटी, नगर निगम बागबानी विभाग, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को लिखित में शिकायत


रानी झांसी रोड पर आधा काटा गया पेड़


आप नेता व समाजसेवी रविंदर पाल सिंह घई

दी है। शहर में चर्चा छिड़ी है कि एक तरफ सत्ताधारी आप पार्टी द्वारा बुड्ढे नाले के मामले में पर्यावरण को बचाने के बड़े बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन यहां सरेआम पेड़ काटकर बेचे जा रहे हैं, उस मामले में कोई सत्ताधारी लीडर कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वहीं विपक्षी नेता भी चुपी साधे बैठे हैं। चचाएं हैं कि पेड़ काटने वाले रसूखदारों की पहुंच इतनी ज्यादा है कि कोई चाहकर भी उनके खिलाफ नहीं बोल पाता।

● शेष खबर पेज 12 पर


**कमर्शियल प्रोजेक्ट्स बनाने के चक्कर में बहाने से पेड़ हटाए...**रविंदर पाल घई ने बताया कि बात करें रानी झांसी रोड की तो वहां पर पहले रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर थे। जब तक क्वार्टर रहे, तब तक उक्त जमीन के बाहर लगे पेड़ एकदम दरुस्त और हरे भरे थे। लेकिन जैसे ही वहां एक कॉर्पोरेट कंपनी ने कमर्शियल प्रोजेक्ट शुरू किया तो पेड़ सुक्ख गए या कई पेड़ों को आग लगा दी गई। वहीं उसी सड़क पर निक्कमल ज्वेलर्स के बाहर लगे एक बड़े पेड़ को सरेआम काट भी दिया गया। इस मामले में एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। इसके अलावा कॉलेज रोड पर कई कमर्शियल प्रोजेक्ट्स बने और उन जमीनों के बाहर लगे पेड़ काट दिए गए।

**बुड्ढे नाले को लेकर शोर, मगर पेड़ कौन बचाएगा...**वहीं बुड्ढे नाले में गंदगी फैलाने को लेकर आए दिन आप के लीडरों व अधिकारियों द्वारा शोर मचाया जाता है। कहा जाता है कि पर्यावरण बचाने के लिए नाला साफ करना जरुरी है। लेकिन पर्यावरण का सबसे मुख्य स्रोत पेड़ों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। वहीं पीपीसीबी द्वारा भी नाले को लेकर आए दिन कारोबारियों को तो नोटिस निकालकर एक्शन लिया जाता है। लेकिन यहां पेड़ काटकर प्रदूषण को न्योता देने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

PUNJAB POLLUTION CONTROL BOARD

**एफआईआर सिर्फ खानापूर्ति...**वहीं चचाएं हैं कि बागबानी, फॉरेस्ट और नगर निगम विभाग की जिम्मेदारी है कि कोई भी व्यक्ति इललीगल पेड़ न काटे। लेकिन पहले तो रसूखदारों द्वारा नेताओं की शह पर पेड़ काट दिए जाते हैं। फिर अगर इसकी शिकायत हो ताए तो एफआईआर दर्ज करवा दी जाती है। लेकिन उसके बाद न तो कोई गिरफ्तारी होती है और न ही आगे एक्शन होता है।

**चर्चा; रसूखदार कर जाएंगे सब मैनेंज...**वहीं शहर में चर्चा छिड़ गई है कि पेड़ काटने वाले रसूखदारों की पहुंच अधिकारियों व कई बड़े नेताओं तक है। जिसके चलते चर्चा है कि फिर क्या हुआ अगर सीएम ऑफिस से पेड़ काटने वालों पर एक्शन लेने संबंधी चिट्ठी निकाल गई है। यह रसूखदार लोग हैं, इन पर कोई एक्शन नहीं होगा। यह पूरा मामला मैनेंज कर जाएंगे।

Uturn Time 08 Mar 2026_Layout 2 08-03-2026 01:13 Page 4





# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## पर कुछ कर दिखाने वाली लुधियाना की प्रमुख महिलाओं के विचार



## अपने सपनों को पंख लगाकर भरो उड़ान, यहीं हैं नारी शक्ति की असली पहचान

लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। महिला को शक्ति का रूप कहा जाता है। उसमें सृजन (जीवन देने), पोषण, सहनशीलता और अदम्य साहस की सर्वोच्च क्षमता होती है। 'यत्र तु नार्यः पूज्यन्ते तत्र देवताः रमन्ते' अर्थात जहां स्त्रियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। महिला मां, बहन, पत्नी, बेटी और दोस्त के रूप में जीवन के हर मोड़ पर प्रेम और अपनापन देती है। हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। यह दिन नारी सशक्तिकरण, समानता और अधिकारों की लंबी लड़ाई का परिणाम है।




**Rajni Bector**
Mrs Bector cremica

नारी शक्ति है, नारी सम्मान है, नारी से ही हर घर और समाज की पहचान है। जब एक महिला अपने सपनों को उड़ान देती है, तो वह सिर्फ.खुद नहीं, कई ज़िंदगियों को रोशन करती है। आइए, हर नारी के साहस, आत्मविश्वास और सपनों का सम्मान करें।



**Rashi Aggarwal**
BJP Leader

सृष्टि के रचयिता भगवान शंकर ने अर्थनारीश्वर रूप धर कर सकल विश्व को बतलाया की शिवा के बिना शिव,शव हैं । भारतीय संस्कृति महिला के सशक्त शक्ति रूप का परिचायक है।



**— श्रीमती मृदुला जैन**
संस्थापक एवं चेयरपर्सन, शिंगोरा टेक्सटाइल्स प्रा. लि. अगर चाहें तो मैं इसे पोस्टर / सोशल मीडिया / अखबार के कोटेशन फॉर्मेट में भी थोड़ा और प्रभावशाली बनाकर दे सकता हूँ।

मेरा सभी युवा महिलाओं के लिए संदेश – 'बड़े सपने देखो, खुद को शिक्षित करो, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनो और अपनी आवाज की ताकत को कभी कम मत समझो।' 'सशक्त महिलाएँ केवल अपना जीवन ही नहीं बदलतीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की तकदीर भी बदल देती हैं।'



**जसविंदर कौर सिद्धू**
प्रिंसिपल, DAV पब्लिक स्कूल
BRS नगर, लुधियाना

मेरा मानना है कि महिलाओं को सशक्त बनाने का अर्थ है उन्हें आगे बढ़ने के लिए समान अवसर देना, उनकी क्षमताओं पर विश्वास करना और उनके सपनों को पूरा करने में उनका साथ देना। जब महिलाएँ जिम्मेदारी के साथ और साहसपूर्वक आगे बढ़ती हैं, तो वे न केवल अपने जीवन को बल्कि पूरे समाज को एक मजबूत और आशावान भविष्य की ओर ले जाती हैं। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, मैं सभी महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और दुनिया को प्रेरित करते रहने के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ।
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!




**Chef Nellu Kaura**

शिक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान यही है महिला सशक्तिकरण की असली पहचान।नारी की उड़ान को मत रोको, उसके सपनों को पंख दो।



**आशु खुराना**
जॉइंट ट्रेजरर, FICCI FLO लुधियाना

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, संकल्प और उपलब्धियों को सम्मान देने का दिन है। आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व से समाज को नई दिशा दे रही है। आवश्यक है कि हम ऐसा वातावरण बनाएँ जहाँ हर महिलाको समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने का पूरा अधिकार मिले।



**मैं उमा गुप्ता**
आरओएएम विथ रम ( Roam With RUM ) की सह-संस्थापक

एक ट्रैवल ग्रुप जो समान विचारधारा वाले लोगों के साथ दुनिया को एक्सप्लोर करता है। मेरे दो पार्टनर्स के साथ, हम अविस्मरणीय अनुभव बनाते हैं। मेरे ब्रांड अवटअअ के तहत, मैं ऐसे इवेंट्स भी ऑर्गनाइज करती हूँ जो लोगों को जोड़ते हैं। मेरा विजन: आइए, जुड़ें और कुछ अद्भुत यादें बनाएं!



**Pooja Mago**

हर महिला में असीम शक्ति और अनंत संभावनाएँ छिपी होती हैं। जरूरत है विश्वास, अवसर और प्रोत्साहन की, ताकि हर नारी अपने सपनों को उड़ान दे सके।



**अनुपमा गुप्ता**
प्रेसिडेंट लक्ष्मी लेडिज क्लब
२०२५-२०२७

'जब महिलाएँ एक-दूसरे का साथ देती हैं, एक-दूसरे को सशक्त बनाती हैं और विश्वास करती हैं, तब वे असीम संभावनाओं से भरा भविष्य रचती हैं।'



**अर्शीन भल्ला**
योग एवं पिलाटिस प्रशिक्षक
संस्थापक - Yog & You by Arsheen

'योग स्त्री को याद दिलाता है कि शक्ति बाहर नहीं, उसकी श्वास और चेतना के भीतर ही बसती है।'



**Siya kapoor**
Owner at THE WASH CLUB a Dry Cleanning studio

'नारी का आत्म सम्मान-उसके नाम का अपना घर ' नारी का सम्मान सिर्फ. शब्दों से नहीं अधिकारों से होता है। हर महिला के नाम पर एक घड़ हो तभी सशक्तिकरण का सपना सच होगा।



**Dr. Manisha Mittal**

हर नारी एक संभावना है, एक नई शुरूआत है। उसे बस अवसर और विश्वास मिल जाए, तो वह अपनी ही नहीं, कई और ज़िंदगियों की दिशा बदल सकती है।



**बहार गुप्ता**

हर महिला में असीम साहस, रचनात्मकता और नेतृत्व की क्षमता होती है। जरूरत है अपने जुनून पर विश्वास करने की, ताकि वह अपने सपनों को पहचान कर उन्हें साकार कर सके।

चंड़ीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III रविवार, 08 मार्च 2026



पेज 08 चोरी और हाउस ब्रेकिंग के मामले में दो आरोपी...



### आशीमा
आहार विशेषज्ञ & प्रभावक

नारी केवल कोमलता का प्रतीक नहीं होती, वह शक्ति, धैर्य और साहस की जीती-जागती मिसाल होती है। जब जीवन की राहें कठिन हो जाती हैं और परिस्थितियाँ उसके सामने दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं, तब वही नारी अपने हौसलों से उन दीवारों को रास्तों में बदल देती है। उसके आँसू उसकी कमजोरी नहीं होते, बल्कि उसके भीतर छिपे संघर्षों की कहानी होते हैं।




### Neha Khurana
designer and founder of Bend D Trend by Neha

01. मेरे डिजाइन सिर्फ कपड़े नहीं, बल्कि हर महिला के आत्मविश्वास और शक्ति की पहचान हैं।
02. फैशन मेरे लिए एक माध्यम है, जिससे मैं महिलाओं को मजबूत, सुंदर और आत्मनिर्भर महसूस करवाती हूँ।
03. हर सिलाई में मैं एक महिला की ताकत, गरिमा और आत्मविश्वास को उभारने की कोशिश करती हूँ।
04. मेरे डिजाइन महिलाओं को याद दिलाते हैं कि उनकी पहचान उनकी सबसे बड़ी ताकत है।




### राधिका धवन
को-फाउंडर : मामा ग्रेन

इस महिला दिवस पर मेरी कामना है कि हर महिला खुश रहे, मानसिक रूप से मजबूत बने और खुद को भी प्राथमिकता दे। हर महिला को एक-दूसरे का साथ देना चाहिए ताकि हम सब मिलकर और भी ऊँचाइयों तक पहुँच सकें।



### Smyra Gupta
Founder of Smyragupta_Couture

'एक शिक्षित और सशक्त महिला पूरे समाज के लिए प्रेरणा और परिवर्तन की शक्ति बनती है।' समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब महिलाएँ समान अवसर और सम्मान के साथ आगे बढ़ें।



### निधि जिंदल
ओनर / फाउंडर, स्टूडियो निधि इवेंट्स

नारी जब अपनी शक्ति पहचान लेती है, तो परिस्थितियाँ नहीं, इतिहास बदल जाता है। नेतृत्व वही है जहाँ एक स्त्री केवल अपना नहीं, बल्कि कई और जीवनों का रास्ता रोशन करती है।



### Rajni sethi
Director Avighan A B steels Pvt ltd Head Cicu Wef

महिला दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है जब हम महिलाओं के योगदान और उनकी शक्ति का सम्मान करते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और हर क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।



### Anvita Chhatwal
Nutritionist

हर महिला के भीतर अपार शक्ति, साहस और सपनों की रोशनी होती है। जरूरत है बस खुद पर विश्वास करने की। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो उसके साथ पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है। इस महिला दिवस पर आइए संकल्प लें कि हम हर लड़की और हर महिला को अपने सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला देंगे। क्योंकि सशक्त महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है।

सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।



### Pooja ttuli
Ginniz bridal n nail studioKrelon कॉस्मेटिक



### Jasnoor Dhawan
Anchor

कारखानों में काम करने से लेकर हवाई जहाज उड़ाने तक, महिलाएँ आज समाज के हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं, क्योंकि जब महिलाएँ आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज आगे बढ़ता है।

महिला दिवस के इस अवसर पर मैं सभी महिलाओं को दिल से नमस्कार करती हूँ। मेरी नजर में हर महिला के अंदर सपने हैं, शक्ति है और उड़ान भरने की क्षमता है। इसलिए किसी भी महिला को अपने पंख फैलाने से कभी नहीं रोका जाना चाहिए। हर सपना एक छोटे कदम से शुरू होता है। रास्ते में मुश्किलें और उतार-चढ़ाव जरूर आते हैं, लेकिन अगर विश्वास और हिम्मत हो तो मंज़िल जरूर मिलती है



### गीता सभरवाल
इवेंट डायरेक्टर
जनहेतैशी और यूटर्न टाइम

Narendra Modi जी द्वारा महिलाओं को हर क्षेत्र में 33% भागीदारी देने की पहल निस्संदेह एक ऐतिहासिक कदम है। लेकिन असली बदलाव सिर्फ कानून बनाने से नहीं, बल्कि समाज की सोच बदलने से आता है। आज भी देश के कई हिस्सों में महिलाओं को वह सम्मान, अवसर और पहचान नहीं मिल पाती जिसकी वे सच्चे अर्थों में हकदार हैं। समय की मांग है कि महिलाओं को केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि उनके योगदान के अनुरूप सम्मान, विश्वास और नेतृत्व के अवसर भी दिए जाएं। जब सोच बदलेगी, तभी सशक्त भारत का सपना सच में साकार होगा।

औरत सिर्फ एक रिश्ता नहीं, सृष्टि की सबसे बड़ी ताकत है,
उसके बिना न समाज का वजूद है, न जीवन की कोई हकीकत है।
इसलिए हर औरत को सम्मान, सुरक्षा और बराबरी का अधिकार दो,
क्योंकि वही जीवन देती है, वही सृष्टि का निर्माण करती है।

Uturn Time 08 Mar 2026_Layout 2 08-03-2026 01:13 Page 6



## Happy Anniversary



ਸ ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਭੱਟੀ ਤੇ ਬਲਵਿੰਦਰ ਕੌਰ ਭੱਟੀ

# मां बगलामुखी की शरण में आने से सभी कार्य होते है पूर्ण - महंत प्रवीण जी

लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण जी के सानिध्य में सर्व कार्य सिद्धी यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने जीवन में चल रहे कार्यो को निर्विघन संपन करने की प्रार्थना की। महंत प्रवीण जी ने मां बगलामुखी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां बगलामुखी संसार का कल्याण करने वाली देवी हैं। यज्ञ से संसार के सभी प्राणियों का जनकल्याण होता है। महंत प्रवीण जी ने कहा कि जीवन में सुख दुख आते रहते हैं। जीवन में कोई भी समस्या या दिक्कत हो सच्चे भाव से मां बगलामुखी की शरण में आए मां बगलामुखी सभी कार्य पूर्ण करेगी। मां बगलामुखी धाम के विस्तार पर चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि प्रत्येक वीरवार लाखों भक्तों की उपस्थिति को देखते हुए मां बगलामुखी धाम का विस्तार मां बगलामुखी का अपार कृपा व भक्तों से सहयोग से जोरो शोरो से चल रहा है। भक्त एक-एक गज भूमि दान कर धाम के प्रति अपनी श्रद्धा व विश्वास प्रगट कर रहे है। मां बगलामुखी के अन्नय भक्त सेवादार व पूर्व आईएएस मनप्रीत छतवाल ने आए हुए गणमान्यों व भक्तों को स्मृति



चिंह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवक मनप्रीत छतवाल, नवनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, प्रशोतम चौधरी, राणा रणजीत सिंह, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, जतिन सूद, परमवीर चौधरी, संदीप सूद, सुनील हांडा, नरिंदर सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, सुनील गेरा, अंकुश सिंगला, नरिंन्द्र महाजन, तरुण चौधरी, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### जिसने रहस्य समझ लिया उसने अध्यात्म समझ लिया।

सूफी समुदाय में एक कहावत बहुत प्रचलित है कि जब हम मर जाते हैं तो परमात्मा हमसे कभी यह नहीं पूछता कि तुमने जीवन भर कितने पाप किए बल्कि वो यह पूछता है कि मैंने तुम्हे मनुष्य जीवनकुछ बढ़िया करने के लिए दिया तुमने इस शरीर और मन का उपयोग कैसे किया और क्या अच्छा किया। हम सभी यहाँ किसी न किसी मकसद से आए हैं। माया का काम हमें अपने शुभ कर्मो से करने को रोकना है। हमें यहाँ अपने पुराने प्रारब्ध के अनुसार मिले जीवन में परिवार वालों के लिए अपने कर्तव्य की पूर्ति करनी है उसके लिए मेहनत भी करनी है, धन भी कमाना है, इस शरीर से जुड़े लोगों के साथ बढ़िया लोक व्यवहार भी करना है पर इस सबके साथ साथ प्रभु की प्राप्ति भी करनी है। यही हमारे मानव जीवन की परीक्षा है कि हम लोक और परलोक में समन्वय कैसे बना पाते हैं। मनुष्य जीवन मिलने के बाद भी यदि हम माया के जाल में फंसे बस धन दौलतकमाने और बच्चों की परवरिश के चक्र में ही फंसे रह गए, अपना परलोक नहीं संवारा और हम प्रभु की दी गई परीक्षा में खरे नहीं उतर पाए तो फिर मनुष्य जन्म का मिलना बेकार हो जाएगा। भाव यह है कि इसी जन्म में अपने कर्तव्य और प्रभु प्राप्ति के प्रति जो सजग हो गया समझो उसने अपने प्रभु को रीझा लिया। यह रहस्य समझना ही गृहस्थियों को अध्यात्म समझाता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Married Daughter का Ancestral Property में अधिकार क्या है?**

काफी समय तक यह भ्रम बना रहा कि विवाह के बाद बेटी का पैतृक संपत्ति पर अधिकार समाप्त हो जाता है। लेकिन वर्तमान कानून स्पष्ट है—विवाह से अधिकार समाप्त नहीं होता।

संशोधित उत्तराधिकार कानून के अनुसार, पुत्री को पुत्र के समान Coparcener का दर्जा प्राप्त है। इसका अर्थ है कि वह जन्म से पैतृक संपत्ति में बराबर की हिस्सेदार है, चाहे विवाह हो चुका हो।

बेटी को अधिकार है:

- Partition की मांग करने का
- अपने हिस्से का दावा करने का
- संपत्ति के प्रबंधन में भाग लेने का

यह अधिकार पिता के जीवित होने या न होने से स्वतंत्र है, बशर्ते संपत्ति पैतृक प्रकृति की हो। Self-Acquired Property के मामलों में स्थिति अलग हो सकती है, जहाँ मालिक की Will या अन्य दस्तावेज प्रभावी होंगे।

यह भी महत्वपूर्ण है कि बेटी का अधिकार केवल नाम मात्र का नहीं, बल्कि वास्तविक और लागू करने योग्य है। यदि उसे हिस्सेदारी से वंचित किया जाए, तो वह सिविल अदालत में दावा कर सकती है।

निष्कर्ष: विवाह बेटी के पैतृक अधिकार को समाप्त नहीं करता। कानून ने पुत्र और पुत्री को समान स्तर पर रखा है। पैतृक संपत्ति में बराबरी अब केवल सिद्धांत नहीं, वैधानिक अधिकार है।

# आस्था, इतिहास और कर्मकांड का संगम - पिहोवा की गंगाराम जी गद्दी की विशेष रिपोर्ट

### अकाल मृत्यु के बाद मोक्ष का पावन स्थल - पिहोवा में सदियों से जारी पिंडदान परंपरा/पंडित दीपक अत्री





दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न, 07 मार्च। प्राचीन धार्मिक नगरी पिहोवा स्थित सरस्वती तीर्थ पर गंगाराम जी की गद्दी में आध्यात्मिक और ऐतिहासिक परंपराओं की गूंज आज भी सुनाई देती है। इसी पावन स्थल पर दीपक शास्त्री सरस्वती तीर्थ के मुख्य पुरोहित की ओर विशेष रूप में बताया के यहां की प्राचीन परंपराओं, इतिहास और कर्मकांड की विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्य पुरोहित ने बताया कि यह तीर्थ स्थल आदिकाल से अकाल मृत्यु प्राप्त व्यक्तियों की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यहां पिंडदान और श्राद्ध कर्म की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि यहां विधिवत कर्मकांड कराने से मृत आत्मा को गति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, त्रेता युग में भगवान श्री राम ने अपने पिता महाराज दशरथ की अकाल मृत्यु के पश्चात उनकी आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए इसी पवित्र तीर्थ पर श्राद्ध कर्म कराया था। यह उल्लेख रामायण की कथाओं से भी जुड़ा हुआ माना जाता है। तभी से यहां पिंडदान और श्राद्ध की परंपरा निरंतर चली आ रही है।

## सीआरपीएफ की 76वीं बटालियन ने लगाया मुफ्त मेडिकल कैंप, 240 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



जम्मू, यूटर्न, 07 मार्च। जम्मू-कश्मीर के बंटालाब के निकट गांव रायपुर में शनिवार को Central Reserve Police Force की 76वीं बटालियन द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैंप का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। मेडिकल कैंप का उद्घाटन गांव की पूर्व सरपंच Reeta Devi ने किया। इस अवसर पर 76वीं बटालियन के कमांडेंट Vezoto Tinyi ने लोगों से नियमित व्यायाम करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ न केवल सुरक्षा के क्षेत्र में बल्कि समाज सेवा के कार्यों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभा रही है और स्थानीय लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना बल की प्राथमिकता है।

Uturn Time 08 Mar 2026_Layout 2  08-03-2026  01:13  Page 7



# महिला दिवस विशेष : लिवर डोनर से काउंसलर तक - रूपा अरोड़ा की प्रेरणादायक यात्रा

## पुनीत महाजन चंडीगढ़ लिवर ट्रांसप्लांट से पहले हर मरीज और परिवार को क्या समझना चाहिए



लुधियाना, यूटर्न, 07 मार्च। भारत में हर वर्ष हजारों लोग लिवर फेलियर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते हैं। उनमें से कई मरीजों के लिए लिवर ट्रांसप्लांट जीवन बचाने का एकमात्र रास्ता होता है। लेकिन मेरे अनुभव में, ट्रांसप्लांट केवल एक चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक यात्रा भी है।

मैं चंडीगढ़ सरकारी स्कूल में एक अध्यापिका हूं। आज से 15 साल पहले मैंने अपने लिवर का 65% अपने पति को डोनेट किया था। मैंने स्वयं एक लिविंग लिवर डोनर के रूप में यह अनुभव किया है, और सोशल वर्क काउंसलिंग की मास्टर डिग्री के बाद, एक सामाजिक कार्य परामर्शदाता के रूप में कई मरीजों और उनके परिवारों से बातचीत करते हुए महसूस किया है कि ट्रांसप्लांट से पहले सही मार्गदर्शन और काउंसलिंग बहुत आवश्यक है।

### 01. डर और भ्रम को दूर करना जरूरी है

ट्रांसप्लांट का नाम सुनते ही मरीज और परिवार अक्सर घबरा जाते हैं। कई तरह की आशंकाएँ मन में आती हैं —

क्या ऑपरेशन सफल होगा?

क्या डोनर सुरक्षित रहेगा?

क्या मरीज सामान्य जीवन जी पाएगा?

ऐसे समय में सही जानकारी और सकारात्मक परामर्श मरीज और परिवार को मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। डॉक्टरों और काउंसलरों का दायित्व है कि वे परिवार को पूरी प्रक्रिया सरल भाषा में समझाएँ।

### 02. डोनर का निर्णय - प्रेम और साहस का प्रतीक

लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट में कोई व्यक्ति अपने शरीर का एक हिस्सा देकर दूसरे को जीवन देता है। यह केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और साहस का अद्भुत उदाहरण है। डोनर बनने से पहले व्यक्ति और उसके परिवार को पूरी जानकारी और मानसिक तैयारी होना आवश्यक है। सही काउंसलिंग से यह सुनिश्चित होता है कि निर्णय स्वेच्छा और समझदारी से लिया गया हो।

### 03. परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया में परिवार की भूमिका बहुत अहम होती है। मरीज को दवाइयों का नियमित सेवन, समय-समय पर जांच और जीवनशैली में बदलाव की जरूरत होती है। अगर परिवार सहयोगी और सकारात्मक हो, तो मरीज की रिकवरी तेज और बेहतर होती है।




Sh. Sudesh Kumar Sharma
Railways Mail Exp. Driver
3.3.2018

REMEMBRANCE

*We still feel your presence around us, which gives us strength to go on. You lived your life with love and perseverance. May your soul rest in peace.*

Deeply remembered by
RAJIV SHARMA
ANAND PROPERTIES
M. 78892-33817


# अमित शाह आधुनिक भारत के लौह पुरुष, पंजाब उनके दौरे का कर रहा इंतजार : सुनील जाखड़




दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 07 मार्च। पंजाब भाजपा अध्यक्ष Sunil Jakhar ने कहा कि पंजाब के लोग केंद्रीय गृह मंत्री अे३ रँ के 14 मार्च को मोगा में होने वाले दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रैली की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद जाखड़ ने कहा कि राज्य की मौजूदा स्थिति चिंताजनक है और लोग मजबूत नेतृत्व की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह Sardar Vallabhbhai Patel को देश का 'लौह पुरुष' कहा जाता है, उसी तरह अमित शाह को आधुनिक भारत का 'लौह पुरुष' माना जा रहा है। जाखड़ ने आरोप लगाया कि पंजाब में Aam Aadmi Party की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, जबकि विपक्षी Indian National Congress प्रभावी भूमिका निभाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री Bhagwant Mann की सरकार में कानून-व्यवस्था, आर्थिक स्थिति और प्रशासनिक कामकाज को लेकर जनता में  असंतोष है। जाखड़ ने Arvind Kejriwal को 'पंजाब का सुपर सीएम' बताते हुए महिला सम्मान और आर्थिक सहायता के मुद्दे पर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि सरकार को महिलाओं को दी जाने वाली आर्थिक सहायता और अन्य वादों का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पीआरटीसी बसों को रंगने के लिए जयपुर भेजा जा रहा है और ठेके लगातार पंजाब से बाहर दिए जा रहे हैं। जाखड़ ने सवाल उठाया कि क्या पंजाब में इतना भी संसाधन नहीं है कि यह काम राज्य के भीतर हो सके।

# बाइक सवार दंपति को ट्रक चालक ने मारी टक्कर, सड़क पर गिरी महिला को कुचला, मौत




लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। चंडीगढ़ रोड स्थित सेक्टर-32 में शनिवार दोपहर को पति के साथ बाइक पर सामान लेने जा रही एक बुजुर्ग महिला को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। जिस कारण पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने महिला को कुचल दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने भाग रहे ट्रक चालक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है। मृतक महिला की पहचान बाबा जीवन सिंह नगर निवासी शीला (60) के रूप में हुई है। थाना डिवीजन नंबर सात की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शीला अपने पति के साथ बाइक पर घर का राशन और अन्य सामान लेने के लिए निकली थीं। जैसे ही वे 32 सेक्टर रोड के पास पहुंचे ताजपुर रोड की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पति-पत्नी दोनों बाइक से गिरे। पति सड़क के किनारे गिरा जबकि शीला ट्रक की ओर गिर गई और पिछला टायर उनके ऊपर से निकल गया। वारदात के बाद चालक ने ट्रक भगाने की कोशिश की लेकिन लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

# रक्तान शिविर में लोग बढ़ चढ़कर करें योगदान - राजेश ढांडा




लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब की और से 31 मार्च को आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर को लेकर श्री गोविंद गौधाम ट्रस्ट (वृंदावन) के सदस्यों के साथ मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें क्लब के सभी सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में विशाल रक्तदान शिविर के प्रति लोगों को जागरूक करने और उसकी सफलता की रूपरेखा तैयार करने की अपील की गई। श्री गोविंद गौधाम ट्रस्ट वृंदावन के चेयरमैन राजेश ढांडा, महासचिव संजीव सूद बांका ने कहा कि रक्तदान करना एक अहम कार्य हैं, जिसमें सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान क्लब मेंबर्स में राजेश जैन बॉबी, सीए गौरव जैन, अमित जैन, राजीव जैन, अंकित जैन, संचित जैन, सचिन जैन, बॉबी मल्होत्रा मौजूद थे। वहीं इसके अलावा जेबीएम एनर्जी रिसोर्सेस प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरैक्टर अनूप थापर, श्री गोविंद गौधाम ट्रस्ट वृंदावन के चेयरमैन राजेश ढांडा, महासचिव संजीव सूद बांका, सतीश जिंदल, कंवल पाहवा टिप्सन साइकिल, सुनील मोदी, संदीप गुप्ता वैबसन, मीनू पाल खन्ना, बिट्टू गुबर, सचिन जैन, अंकित जैन, केशव गुप्ता, राजिन्द्र छाबड़ा ओटाया, संजय जैन बरनाला, अश्वनी जैन बरनाला, लोकेश सूद, अमर सचदेवा, हरीश जैरथ बिट्टू, विकास गोयल विक्की, रोहित अग्रवाल हैदराबाद, संजीव गुप्ता स्टॉक एक्सचेंज, हनी वर्मा, राजेश जैन बॉबी, वरिन्द्र शर्मा बॉबी, मनीत सोबती, रमन कपूर, पारस शर्मा, प्रभजोत सिंह मनी रिचविला, राजदीप सिंह लापरां, मुनीष खुराना खुराना यूलर्ज, राज अरोड़ा मिडास, सतीश वर्मा रॉयलटी यूलर्स, कृपाल सिंह, नरिन्द्र पाल सिंह मौजूद थे।

# चोरी और हाउस ब्रेकिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, सोने के आभूषण बरामद







चंडीगढ़, यूटर्न, 07 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस ने हाउस ब्रेकिंग और चोरी के मामले में सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ आईपीएस कंवरदीप कौर के निर्देश और निगरानी में की गई। इस अभियान का नेतृत्व एसपी सिटी आईपीएस के.एम. प्रियंका, एसडीपीओ सेंट्रल दलवीर सिंह और थाना सारंगपुर की एसएचओ इंस्पेक्टर मिनी भारद्वाज ने किया।

पुलिस के अनुसार एफआईआर नंबर 33, दिनांक 2 मार्च 2026 को थाना सारंगपुर में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता थिंगनाम राजेश सिंह (31) निवासी गांव खुड्डा लाहौरा ने बताया कि 28 फरवरी को जब वह ड्यूटी से घर लौटे तो घर से दो सोने की चेन, तीन अंगूठियां, एक जोड़ी कान की बालियां और कुछ नकदी चोरी हो चुकी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज की और लगातार छापेमारी के बाद आशु (21) निवासी गांव खुड्डा लाहौरा और अर्जुन उर्फ शंकर (25) निवासी गांव खुड्डा जस्सू, धनास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए सभी सोने के आभूषणों की 100 प्रतिशत बरामदगी भी कर ली है।

जांच के दौरान सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए वे पहले बंद घरों की रेकी करते थे और फिर मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी का सामान वे सुनसान जगहों पर छिपाकर रखते थे और बाद में उसे बेचने की योजना बनाते थे। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। आशु के खिलाफ वर्ष 2019 में थाना सारंगपुर में लूट का मामला दर्ज है। अर्जुन उर्फ शंकर के खिलाफ 2019 में लूट और चोरी के दो मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे अन्य वारदातों में भी शामिल रहे हैं या नहीं।

# जरूरतमंद बच्चों के सपनों को पंख दे रहा नोबल फाउंडेशन, भगत सिंह कॉलोनी शाखा का परिणाम घोषित



लुधियाना, यूटर्न, 07 मार्च। कहते हैं कि शिक्षा वह रोशनी है जो जीवन की अंधेरी राहों को भी उजाला कर देती है। इसी सोच को साकार कर रहा है Noble Foundation, जो Maa Sharda Vidyapeeth के नाम से 30 स्कूलों के माध्यम से हजारों जरूरतमंद बच्चों के सपनों को नई उड़ान दे रहा है।

शनिवार को भगत सिंह कॉलोनी शाखा में 410 विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि Jagdev Singh Boparai ने दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि समारोह की अध्यक्षता Shyam Gupta ने की। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मेहनत और लगन से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया।

मीनाक्षी, काजल, निधि, लक्ष्मी, रिया और सपना कुमारी जैसे विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने पूरे समारोह को गर्व से भर दिया। कार्यक्रम का सबसे भावुक पल तब आया जब संस्था से पढ़कर आगे बढ़ चुकी छात्रा विष्णु ने बताया कि कभी उसने सोचा भी नहीं था कि वह पढ़-लिख पाएगी, लेकिन संस्था के सहयोग से आज वह अच्छे स्कूल में पढ़ रही है और डॉक्टर बनने का सपना देख रही है। संस्था के फाउंडर Rajendra Sharma ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देना केवल सेवा नहीं बल्कि समाज के भविष्य को संवारने का संकल्प है, जिसे दानी सज्जनों के सहयोग से लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसः सेवा को जीवन का आधार बनाएं - डॉ. स्वाति खुराना



लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एम.डी. मेडिसिन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति खुराना ने कहा कि रोगियों की सेवा को जीवन का आधार बनाना ही उनके जीवन का उद्देश्य रहा है। उन्होंने बताया कि बचपन में ही उन्होंने डॉक्टर बनने का संकल्प लिया था और आज उसी संकल्प के साथ वह हर वर्ग के लोगों तक अपनी चिकित्सा सेवाएं पहुंचा रही हैं। डॉ. खुराना ने कहा कि वह केवल बीमारी का इलाज ही नहीं करतीं, बल्कि उसकी जड़ तक जाकर मरीजों को स्वस्थ करने में विश्वास रखती हैं। साथ ही लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के प्रति भी लगातार जागरूक करती रहती हैं।

## विधायक बग्गा ने किए 2 करोड़ लागत के विकास कार्यों के उद्घाटन



लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। विधायक चौ.मदन लाल बग्गा ने विधानसभा उत्तरी के वार्ड वार्ड 1, वार्ड 94, वार्ड 95 वार्ड 86 व वार्ड 87 में करीब 2 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत विकास कार्यों के उद्घाटन कर कार्य का शुभारंभ करवाया।

बग्गा ने सर्वप्रथम वार्ड 1 स्थित जालंधर बाईपास चौक के समीप जीएमटी स्कूल वाली सडक पर प्रिमिक्स बिछाने को 40 लाख रुपये की लागत के कार्य का उदघाटन किया। दूसरे प्रोजैक्ट के तौर पर वार्ड-94 में सलेम टाबरी स्थित लक्ष्मी पुरी में खेड़ा सीमेंट स्टोर के समीप करीब 18 लाख की लागत से बनने वाली सडकों का उदघाटन किया। इसी तरह वार्ड-94 व वार्ड 95 की सांझी गलियो के निर्माण कार्य का उदघाटन किया। उक्त प्रोजैक्ट पर करीब 55 लाख रुपये खर्च होंगे। 68 लाख रुपये की लागत से वार्ड-86 व 87 में गुजरती जसवंत नगर रोड के निर्माण कार्य का भी उदघाटन किया। इसके-इसके साथ बाबा घोरी सरकार के आसपास क्षेत्रों बागबानी के कार्य का भी शुभारंभ किया।

बागबानी पर करीब 25 लाख रुपये की लागत आएगी। इस दौरान पार्षद अमन बग्गा, वरिष्ठ आप नेता अशोक कुमार, पार्षद मनजीत सिंह ढिल्लो, पार्षद प्रतिनिधि हरजिन्द्र सिंह बाली, सहित अन्य भी विशेष तौर उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर निगम जेई विकास, सीएसआई बंटी डोगरा, इंस्पैक्टर तलविन्द्र, एसडीओ अक्षय बांसल, जेई बलविन्द्र, एक्सियन कमल, कुलदीप मक्कड़, दयानंद मेहता, लक्की चावला, पूर्णचंद कैंथ, कुलविन्द्र सिंह काला, कुलदीप दुआ, मोनू चुटकारा, मलकीत सिंह मंगा, लाडी विखन, राजू, अमरजीत सिंह, नीरज कुमार मौनी, राजू खेड़ा, अमनदीप उप्पल, दर्शन सिंह दुआ, अमन बिलगा, नीटू चौहान व अन्य भी उपस्थित थे।

# इलाके मे चल रही अवैध फैक्ट्री के विरुद्ध इलाका निवासियों ने दिया निगम कमिशनर को ज्ञापन




सुनील पांडेय

लुधियाना / यूटर्न / शिवाजी नगर इलाके मे गली न 3 मे कपूर ब्रदरस के नाम से 2 फैक्ट्रीया चल रही है। फैक्ट्री मे दिन रात दोनों शिफ्ट मे काम चलता है, जिस कारण मशीनों की आवाज हर समय गली मे आती रहती है। इसी संदर्भ मे इलाका निवासियों द्वारा निगम कमिशमर को ज्ञापन दिया गया। पड़ोसी मनु मगो का कहना है कि इतनी आवाज कि वजह से सारी गली वाले सो नहीं पाते, बड़े-बुजुर्ग सो नहीं पाते।

गली सिर्फ 8 फीट चौड़ी है, सारा दिन इनके रिक्शा, टेम्पू कि वजह से गली मे जाम लगा रहता है। ईश्वर न करे किसी घर मे आग लग जाये तो फायर फ्रिगेड भी नहीं आ पायेगी। इनकी फैक्ट्री पहले ही बिना नक्शे के 3 मंजिला बनी हुई है, अब फैक्ट्री के मालिक नजायज ढंग से तीसरी मंजिल भी डालने का प्रयास कर रहे है, इसी सन्दर्भ मे इलाका निवासियों से निगम कमिशनर से इस पर रोक लगाने कि गुहार लगाई। इलाका निवासियों ने कहा कि इसके बाद पॉलियूशन बोर्ड मे भी इसकी शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। इस अवसर मनु मगु, पर प.विनोद भारद्वाज, विकास भारद्वाज, रमेश मगो, अमिता, माइकल, अशोक वर्मा, आशा रानी, सुभाष गर्ग, विमल गर्ग, सतीश मगु, प्रिन्स वर्मा, कांता रानी, अनिल कुमार, नीना आदि मौजूद थे।

Uturn Time 08 Mar 2026_Layout 2 08-03-2026 01:13 Page 9



# अमृतसर में श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी, पवित्र अंग गलियों में बिखरे मिले

अमृतसर/यूटर्न/7 मार्च। अमृतसर के श्री गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारे में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की गई। गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र अंग गलियों में बिखरे हुए मिले। सीसीटीवी कैमरों की जांच में यह देखा गया कि कुछ शरारती लोगों ने तारें काटकर गुरुद्वारा परिसर में तोड़फोड़ की थी।

इस घटना से पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया और शांती की अपील की। लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। लोगों ने कहा कि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और बीच चौराहे पर सजा दी जानी चाहिए।

## बाबा बकाला साहिब का मामला

दरअसल, मामला अमृतसर के हल्का बाबा बकाला साहिब के अंतर्गत आने वाले गांव सठियाला गांव का है। यहां उस समय हड़कंप मच गया जब शनिवार सुबह श्री गुरु तेग बहादुर जी के धाम से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र अंग गलियों में बिखरे मिले। 7.30 बजे पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। बाबा बकाला के डीएसपी अरुण शर्मा ने लोगों को शांत कराया। उन्होंने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही।



## डीएसपी बोले- CCTV फुटेज खंगाल रहे

डीएसपी अरुण शर्मा ने बताया कि उन्हें जैसे ही जानकारी मिली वो अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा साहिब तथा आसपास के इलाके का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर गुरुद्वारा साहिब के सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों को सुरक्षित कर लिया है ताकि दोषियों को पकड़ा जा सके।

# पंजाब अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम में अंजलि और सुरभि का हुआ चयनः डा. रमन घई

## सुरभि और अंजलि ने क्रिकेट में होशियारपुर का नाम किया रोशन

दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर, यूटर्न, 07 मार्च। एचडीसीए सेंटर से ट्रेनिंग ले रही होशियारपुर की होनहार महिला क्रिकेट खिलाड़ी सुरभि नारायण व अंजलि सीमर के पंजाब अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम में चयन के साथ पूरे होशियारपुर जिले का गौरव बढ़ा है। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि वुडलैंड स्कूल में शिक्षा ले रही सुरभि तथा राजकीय सरकारी कॉलेज, होशियारपुर की छात्रा अंजलि सीमर इस चयन से पहले भी पंजाब अंडर-19 महिला टीम का नेतृत्व कर चुकी है। डा. घई ने बताया कि इन दोनों होनहार खिलाड़ियों के चयन से पूरे होशियारपुर जिले में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि पंजाब अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम गुड़गांव हरियाणा में बीसीसीआई द्वारा करवाई जा रही राष्ट्रीय अंडर-23 महिला टूनार्मेंट में भाग लेंगी। उन्होंनें बताया जिस लगन व मेहनत से सुरभि और अंजलि के अलावा अन्य महिला खिलाड़ी पूजा, शिवानी, निरंका, सुहाना, वंशिका, आस्था, अन्नया, ध्रुविका, प्रतिका आदि खिलाड़ी मेहनत कर रहें है, इससे जल्द ही आने वाले कुछ वर्षो में होशियारपुर को जरूर कोई-न-कोई महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिलेगा। सुरभि और अंजलि के इस चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत खेला ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लिए एचडीसीए की ओर से शुभकामनाएँ दी। खिलाड़ियों के इस चयन पर जिला महिला कोच दविंदर कौर, जूनियर कोच निकिता कुमारी, जिला एचडीसीए कोच दलजीत सिंह, जिला ट्रेनर व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप धामी, जूनियर कोच पंकज पिंका व दिनेश शर्मा ने भी खिलाड़ियों को उनके इस चयन पर बधाई देते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन की कामना की।



# पंजाब को निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 की शुरूआत

पंजाब, यूटर्न, 07 मार्च। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लुधियाना में औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य पंजाब को देश का सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बनाना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार उद्योगों की जरूरतों के अनुसार प्रोत्साहन ढांचा तैयार कर राज्य में निवेश बढ़ाने और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के अनुसार नई नीति के तहत निवेशक 20 प्रकार की रियायतों में से अपने बिजनेस मॉडल के अनुसार विकल्प चुनकर कस्टमाइज पैकेज तैयार कर सकेंगे। पंजाब के इतिहास में पहली बार पूंजी सब्सिडी शुरू की गई है, जिससे उद्योगों को शुरूआती निवेश का जोखिम कम होगा। यह नीति स्थिर पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक प्रोत्साहन देने की संभावना भी प्रदान करती है। सरकार ने छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए रोजगार सृजन सब्सिडी की पात्रता को घटाकर 25 करोड़ रुपये निवेश और 50 कर्मचारियों तक कर दिया है। मौजूदा उद्योगों को भी मशीनरी अपग्रेड, उत्पादन विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

# होशियारपुर में 14 से 20 अप्रैल तक होगा 'श्रीमद् भागवत कथामृत', दीपक बाली को दिया गया भव्य निमंत्रण



पंजाब/यूटर्न/7 मार्च। सरकार के सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सलाहकार श्री दीपक बाली जी को ह्यश्रीमद् भागवत कथामृतह्न के भव्य आयोजन का निमंत्रण पत्र भेंट किया गया। यह निमंत्रण दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (DJJS) तथा होशियारपुर के श्रद्धालुओं की ओर से विधिवत रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि सात दिवसीय ह्यश्रीमद् भागवत कथामृतह्न का आयोजन 14 से 20 अप्रैल 2026 तक रोशन ग्राउंड, मॉडल टाउन, होशियारपुर में किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सायं 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित होगी। निमंत्रण स्वीकार करते हुए श्री दीपक बाली जी ने संस्थान के इस आध्यात्मिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और हमारी समृद्ध आध्यात्मिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं और भक्ति मार्ग के गूढ़ संदेशों का लाभ मिलेगा। इस सात दिवसीय कथा का वाचन विश्व विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती जी अपनी संत मंडली के साथ करेंगी। कथा आरंभ होने से पूर्व 10 अप्रैल 2026 को दोपहर 3:00 बजे रोशन ग्राउंड से एक भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# युद्ध प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित लौटीं प्रिंसिपल नीरू गर्ग, प्रशासन ने की हिम्मत की सराहना



बठिंडा, यूर्टन, 6 मार्च। मिडिल ईस्ट के युद्ध प्रभावित क्षेत्र में फंसने के बावजूद एसएसडी गर्ल्स कॉलेज बठिंडा की प्रिंसिपल नीरू गर्ग ने हिम्मत और धैर्य के साथ हालात का सामना किया। उनकी सूझबूझ और सरकार की समय पर मिली मदद के कारण नीरू गर्ग और उनका परिवार सुरक्षित रूप से अपने घर वापस लौट आए। इस घटना ने उनके साहस और सकारात्मक सोच की मिसाल पेश की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर बठिंडा श्री राजेश धीमान ने बताया कि जिला प्रशासन और पंजाब सरकार युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों की हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि नीरू गर्ग की सुरक्षित वापसी प्रशासन और सरकार के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। डिप्टी कमिश्नर के निर्देश पर असिस्टेंट कमिश्नर श्री रमनजीत नीरू गर्ग के घर पहुंचे और उनसे मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने नीरू गर्ग और उनके परिवार से बातचीत की और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

Uturn Time 08 Mar 2026_Layout 2 08-03-2026 01:13 Page 10



# सेक्टर-44 में सेंट जोसेफ स्कूल के सामने सड़क की मरम्मत का कार्य शुरूः पुनीत महाजन चंडीगढ़




चंडीगढ़, यूटर्न, 07 मार्च। सेक्टर-44 स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर पिछले करीब चार महीनों से बने गहरे गड्ढे को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा लगातार उठाई जा रही समस्या पर अब प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। लंबे समय से इस गड्ढे के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, वहीं स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ था।

## धनास की मंडी ग्राउंड में हाई मास्ट एलईडी लाइटिंग का उद्घाटन, सुरक्षा और रोशनी में होगा इजाफा



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 07 मार्च। शहर में नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए नगर निगम चंडीगढ़ ने धनास की मिल्क कॉलोनी स्थित मंडी ग्राउंड में आधुनिक हाई मास्ट एलईडी लाइटिंग लगाई है। इससे क्षेत्र में शाम के समय बेहतर रोशनी और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस परियोजना के तहत ग्राउंड में 16-16 मीटर के दो हाई मास्ट और 12 मीटर का एक हाई मास्ट लगाया गया है। इन पर कुल 22 एलईडी फ्लड लाइट (200 वॉट) लगाई गई हैं। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 8 लाख रुपये की लागत आई है। नई लाइटिंग व्यवस्था से पूरे ग्राउंड में बेहतर रोशनी होगी, जिससे शाम के समय लोगों को आने-जाने और गतिविधियों में सुविधा मिलेगी।

# बिना वैध परमिट संचालित बस पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, 43,500 का चालान कर वाहन किया इम्पाउंड



कुलदीप सैनी

पंचकूला/ यूटर्न/07 मार्च। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस आयुक्तालय पंचकूला के निर्देशानुसार थाना यातायात सूरजपुर की टीम द्वारा क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान एक बस, जो बद्दी से बरेली (उत्तर प्रदेश) वाया मडानवाला संचालित हो रही थी, को जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त बस बिना वैध परमिट के संचालित की जा रही थी, जो कि मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है।

इस पर थाना यातायात सूरजपुर की टीम द्वारा बस के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत 43,500/- का चालान किया गया तथा नियमों के अनुसार वाहन को इम्पाउंड कर लिया गया। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिना वैध परमिट, दस्तावेज या नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस की आमजन से अपील: ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों व वाहन संचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैंः पवन दीवान



लुधियाना, यूटर्न, 07 मार्च। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, इसलिए हर व्यक्ति को किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए। यह विचार लुधियाना शहरी कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने द ग्रेट स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा आयोजित बेल्ट अवॉर्ड और सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। समारोह को संबोधित करते हुए पवन दीवान ने कहा कि आज के समय में मार्शल आर्ट्स का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा के लिए हर व्यक्ति को मार्शल आर्ट्स सीखनी चाहिए, क्योंकि इससे न केवल शरीर मजबूत होता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

इससे पहले स्कूल के प्रमुख गौरव सचदेवा ने पवन दीवान और उनके साथ आए अतिथियों को सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। अंडर-19 लड़कियों की राष्ट्रीय स्कूल खेलों में रजत पदक जीतने वाले नैतिक सचदेवा, अंडर-14 में कांस्य पदक जीतने वाली सहजलिन कौर और अंडर-19 स्कूल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली वंशिका यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा चंचल सिंह, मनशा और कनीषा को भी उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मान मिला। समारोह में पुलकित चौधरी, तेजिंदर सिंह, गुरदीप सिंह वालिया सहित संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## दो अलग-अलग मामलों में 18.15 ग्राम हेरोइन समेत दो तस्कर गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/मार्च। पंजाब को नशा मुक्त करने के लिए राज्य पुलिस द्वारा चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत लुधियाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 18.15 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामले दर्ज कर लिए गए हैं।

पहला मामला: लोहटबद्दी में 8.15 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू चौकी लोहटबद्दी के प्रभारी ए.एस.आई. बूटा खां ने बताया कि पुलिस पार्टी संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए गांव लोहटबद्दी के बस स्टैंड पर मौजूद थी।

# हरियाणा राज्यसभा चुनावः क्या इस बार दोहराएगा इतिहास? कांग्रेस को सताने लगा क्रॉस-वोटिंग का डर

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 07 मार्च। हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव में नंबर गेम के हिसाब से कांग्रेस के लिए एक सीट मुश्किल नहीं है, मगर क्रॉस वोटिंग का डर है। अतीत में भी क्रॉस वोटिंग के दो किस्से ऐसे हैं, जिसने कांग्रेस के पास नंबर गेम होते हुए भी जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया था।

हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 31 विधायकों का समर्थन चाहिए। राज्य की विधानसभा में 90 सदस्य हैं, जिनमें से बीजेपी के 48 विधायक हैं तो कांग्रेस के पास 37 विधायक हैं। इसके अलावा दो विधायक इनेलो और तीन निर्दलीय विधायक हैं।

### एक सीट जीतना आसान

तीनों निर्दलीय विधायक भाजपा के साथ हैं, जिन्होंने निर्दलीय सतीश नांदल का स्वयं नामांकन भरवाया है। इस लिहाज से कांग्रेस के लिए एक राज्यसभा सीट जीतना आसान लग रहा है, मगर पहले भी ऐसा हो चुका है, जब कांग्रेस के पास संख्याबल होने के बावजूद उसके प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था।

साल 2016 में हरियाणा की दो

## राज्यसभा चुनाव

राज्यसभा सीटों पर चुनाव हुए थे, जिसमें तीन प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे थे। बीजेपी की तरफ से कांग्रेस छोड़कर गए चौधरी बीरेंद्र सिंह मैदान में थे तो कांग्रेस-इनेलो ने सुप्रीम कोर्ट के वकील आरके आनंद को संयुक्त रूप से मैदान में उतारा था।

### सीटों का गुणा भाग

सुभाष चंद्रा निर्दलीय तौर पर राज्यसभा चुनाव में तीसरे उम्मीदवार थे, जिन्हें बीजेपी का समर्थन हासिल था। बीजेपी के 47 विधायक थे जबकि कांग्रेस के 17 और इनेलो-अकाली दल के पास 20 विधायक थे। इस लिहाज से एक सीट बीजेपी और एक सीट विपक्ष को मिलनी तय थी।

इसी समीकरण को देखते हुए कांग्रेस-इनेलो ने सुप्रीम कोर्ट के वकील आरके आनंद को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया था। आरके आनंद बाकायदा दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलने भी गए थे, जिसके बाद उनकी जीत तय मानी जा रही थी। निर्दलीय सुभाष चंद्र की जीत का कोई समीकरण नहीं बन रहा था। राज्यसभा चुनाव की वोटिंग हुई तो सारा गेम ही बदल गया। कांग्रेस के 17 में से 14 विधायकों ने वोटिंग के दौरान गलत पेन का इस्तेमाल कर लिया या उनसे हो गया, जिसके चलते उनके वोटों को अमान्य करार दे दिया गया, क्योंकि इनके बैलेट पेपर पर अलग रंग के पेन का इस्तेमाल हुआ था।

Uturn Time 08 Mar 2026_Layout 2 08-03-2026 01:13 Page 11



# यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा में जसप्रीत कौर को 422वां रैंक, क्षेत्र में खुशी की लहर

## भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने दी बधाई, युवाओं के लिए बताया प्रेरणा



डेराबस्सी, यूटर्न, 07 मार्च। डेराबस्सी हलके के गांव ककराली की रहने वाली जसप्रीत कौर ने यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा पास कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जसप्रीत कौर ने वर्ष 2026 की परीक्षा में 422वां रैंक हासिल किया है। वह रघबीर सिंह की बेटी हैं और उनकी इस सफलता से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर डेराबस्सी हलके के भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने जसप्रीत कौर और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जसप्रीत कौर जैसी होनहार बेटियां समाज का गौरव होती हैं और अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। उन्होंने कहा कि जसप्रीत कौर की यह उपलब्धि साबित करती है कि लगन, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जसप्रीत कौर से प्रेरणा लेकर अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से प्रयास करें।

गौरतलब है कि जसप्रीत कौर इससे पहले पंजाब राजस्व विभाग में पटवारी के रूप में सेवाएं दे रही थीं और नौकरी के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान उनका चयन सहकारिता विभाग में इंस्पेक्टर पद के लिए भी हुआ था। अब सिविल सर्विस परीक्षा पास कर उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिसके लिए क्षेत्र के लोग और सामाजिक संगठनों की ओर से उन्हें लगातार बधाई दी जा रही।

# आप पार्षद के घर पर फायरिंग, आधी रात को वारदात, कई राउंड गोलियां चली



पंजाब/यूटर्न/7 मार्च। अमृतसर के रतन सिंह चौक क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 12 बजे कुछ नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा आम आदमी पार्टी की मौजूदा काउंसलर के घर पर गोलीबारी की गई। सूचना के अनुसार, अपराधियों ने काउंसलर के आवास कई राउंड फायरिंग की, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घटना के समय घर के अंदर काउंसलर का पूरा परिवार मौजूद था, लेकिन किसी के हताहत होने की बात सामने नहीं आई। काउंसलर के पति इंदरजीत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ समय पहले उन्होंने सामाजिक कार्य और युद्ध नशों के खिलाफ आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने उन व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी, जिनके विरुद्ध स्थानीय स्तर पर पहले से ही शिकायतें दर्ज थीं। इंदरजीत का कहना है कि संभवत: इसी पुरानी रंजिश के चलते आज यह जानलेवा हमला किया गया।

### पुलिस कर रही है आरोपियों की पहचान

घटना से डरा परिवार ने तुरंत स्थानीय पुलिस चौकी में पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो गई है और वह फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि कैसे कुछ नकाबपोश युवक रात के अंधेरे में काउंसलर के घर के बाहर आते हैं और उस पर गोलियां चला देते हैं।

### संदिग्धों को हिरासत में लेने का प्रयास

स्थानीय पुलिस ने फिलहाल इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान लेकर जांच जारी रखी है। आसपास के इलाकों में संदिग्धों की पहचान और हिरासत में लेने का प्रयास किया जा रहा है।

# तलवाड़ परिवार ने आशा किरन स्कूल को 50 हजार का चैक दिया



दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न, 07 मार्च। जे.एस.एस.आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला में बिक्रम तलवाड़, श्रीमती रिजीना तलवाड़ और श्रीमती सुधा तलवाड़ की तरफ से दौरा किया गया, इस समय उनके साथ मुकेश गोयल एमडी सावित्री पलाईवुड, श्रीमती अलका गोयल, श्रीमती कैलाश देवी गोयल, श्रीमती हरविंदर कौर चोपड़ा, श्रीमती रजिंदर कौर चोपड़ा भी मौजूद थे। स्कूल पहुंचे इन मेहमानों का स्वागत आशादीप वैलफेयर सोसायटी के सचिव कर्नल गुरमीत सिंह, पेटर्न परमजीत सिंह सचदेवा की तरफ से किया गया और इस दौरान मेहमानों को स्कूल के प्रति जानकारी दी। परमजीत सचदेवा ने बताया कि स्कूल में 110 मानसिक दिव्यांग छात्र है, 25 स्पेशल छात्र स्कूल के होसटल में रहते है। उन्होंने बताया कि स्कूल में स्पेशल छात्रों को स्पेशल शिक्षा, स्पेशल थैरेपी, रिसोर्स रूम एक्टिविटी, पुर्नवास का कार्य स्कूल में किया जाता है। इस मौके बिर्कम तलवाड़ और उनके परिवार की तरफ से स्कूल को 50 हजार रुपए की राशि का चैक भेट किया गया। इस समय मुकेश गोयल की तरफ से स्पेशल बच्चों के लिए रिफरेशमैंट का प्रबंध किया गया। इस मौके राम आसरा, प्रिंसीपल शैली शर्मा आदि भी मौजूद थे।

## लुधियाना के दो नामी कपड़ा शोरुम पर लगी भयानक आग, लाखों का माल जला



लुधियाना/यूटर्न/7 मार्च। लुधियाना की घुमारमंडी स्थित दो नामी कपड़ा शोरुम पर अचानक आग लग गई। आग लगी देख आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड विभाग को दी। विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि फायर विभाग द्वारा करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद 12 गाड़ियों से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को बलबीर सिल्क साड़ी और अशोक एम्पोरियम शोरुम में अचानक आग लग गई थी। हालांकि बताया जा रहा है कि इस आग के कारण लाखों रुपए का नुकसान हो गया। लेकिन अभी आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।



# इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 की गौशाला असुरक्षित पाई गई, मवेशियों को अन्य गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश

चंडीगढ़, यूटर्न, 07 मार्च। शहर में आवारा मवेशियों के बेहतर रख-रखाव और सुविधाओं की समीक्षा के लिए नगर निगम की काउ वेलफेयर कमेटी ने शनिवार को रायपुर कलां और इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित कैटल पाउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण नगर निगम के स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार (आईएएस) की अध्यक्षता में किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित कैटल पाउंड की इमारत को काफी जर्जर और मवेशियों के लिए असुरक्षित पाया। इस पर कमेटी ने गंभीरता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वहां मौजूद मवेशियों को तुरंत



शहर की अन्य कार्यरत गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए, ताकि उनकी सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित की जा सके। साथ ही संबंधित विभाग को यहां जल्द सिविल मरम्मत और संरचना को मजबूत करने के काम शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। कमेटी में सदस्य रमेश कुमार, विनोद बंसल, हेल्थ सुपरवाइजर मोहिंदर परथक और नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके बाद टीम ने रायपुर कलां स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई, प्रबंधन और मवेशियों की सेहत को संतोषजनक पाया गया। कमेटी ने गौशाला के स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि वहां पशुओं की देखभाल बेहतर तरीके से की जा रही है। स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में सभी कैटल केयर सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और आवारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय, उचित इलाज और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## लीड का शेष

### पर्यावरण की कब्र पर बसा पत्थरों का शहर...

**बहानेबाजी लगाकर बचने में जुटे अधिकारी व आरोपी...**घई ने बताया कि उनकी शिकायतों के बाद पिछले दिनों गुरदेव नगर और बीआरएस नगर के दो लोगों पर पेड़ काटने के आरोप में मामला दर्ज हुआ। अब वह आरोपी खुद का बचाव करने के लिए बहानेबाजी करने लगे हुए हैं। उनका और निगम अधिकारियों का कहना है कि वह पेड़ यहां से ले जाकर दूसरी जगह शिफ्ट कर रहे हैं। हालांकि घई द्वारा जब अधिकारियों से शिफ्टिंग के दस्तावेज और पूरे प्रोसेस के दौरान की गई वीडियोग्राफी मांगी गई तो अधिकारी बहाने लगाने लगे।

**कमाई के चक्कर में जिंदगियां दांव पर लगा रहे कारोबारी...**वहीं, रविंदर पाल घई ने कहा कि एक समय था जब रानी झांसी रोड को शहर की सबसे ठंडी सड़क माना जाता था, क्योंकि सड़क के दोनों तरफ पेड़ थे। लेकिन आज के समय में चंद पेड़ ही बचे हैं। कॉपोर्रेट घराने और रसूखदार लोग अपनी कमाई के चक्कर में लोगों की जिंदगियां दांव पर लगा रहे हैं। क्योंकि यहीं पेड़ मनुष्य जीवन के लिए अहम हैं और अगर यहीं खत्म हो जाएंगे तो इंसान जिंदा कैसे रहेगा।

**आसानी से पेड़ नहीं हो सकते शिफ्ट – एक्सपर्ट...**वहीं हॉर्टिकल्चर एक्सपर्ट डॉ. बलविंदर सिंह लक्खेवाली ने बताया कि पिपल, पाम, बोहड़ समेत कई ऐसे पेड़ों की किस्म हैं, जिन्हें आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। ट्रांसप्लांट के लिए पहले चार हफ्ते पेड़ के आसपास गहरे कट लगाने पड़ते हैं। जिसके बाद पांचवें हफ्ते उसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जा सकता है। शिफ्टिंग वाली जगह भी पहले से तैयार होना जरुरी है। पेड़ों की शिफ्टिंग सिर्फ मानसून में या फरवरी-मार्च महीने में हो सकती है। बाकी समय शिफ्टिंग से पेड़ सूख जाते हैं।

# दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर सोने के गहने और दस्तावेज चोरी

### बिसनपुरा के दसमेश नगर में वारदात, पुलिस गश्त पर उठे सवाल



जीरकपुर, यूटर्न, 07 मार्च। शहर में पुलिस की गश्त और सुरक्षा के दावों के बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला बिसनपुरा इलाके के दसमेश नगर से सामने आया है, जहां दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर चोर सोने के गहने और महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके के लोगों में पुलिस के प्रति रोष देखने को मिल रहा है। दसमेश नगर निवासी गुरविंदर कौर (38) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह घर पर सिलाई का काम करती हैं और उनके पति चंडीगढ़ में सरकारी नौकरी करते हैं। 6 मार्च को दोपहर करीब एक बजे वह अपने बच्चों को लेने के लिए चंडीगढ़ गई थीं। करीब तीन बजे जब वह घर लौटीं तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि अंदर जाकर देखा तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और अलमारी का ताला भी टूटा पड़ा था। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था और अलमारी का शेल्फ भी टूटा हुआ था।

अज्ञात चोर अलमारी में रखे सोने के गहने और करीब पांच पर्स चोरी कर ले गए, जिनमें जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्त केवल कागजों तक ही सीमित दिखाई देती है। लोगों का आरोप है कि दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# होटल में घुसकर रिसेप्शनिस्ट युवती से मारपीट, जबरन कार में बैठाकर हरियाणा ले गए

### बलटाना की कलगीधर मार्केट में देर रात वारदात, कई नामजद व अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 07 मार्च। जीरकपुर के बलटाना स्थित कलगीधर मार्केट में उस समय सनसनी फैल गई जब कुछ लोगों ने देर रात एक होटल में घुसकर रिसेप्शनिस्ट युवती के साथ मारपीट की और उसे जबरदस्ती कार में बिठाकर हरियाणा ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कई नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता, निवासी तहसील पोहोवा जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा), ने बताया कि वह पिछले करीब एक साल से होटल सिटी वॉक, कलगीधर मार्केट बलटाना में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम कर रही है। 5/6 मार्च की रात वह होटल के कमरे में सो रही थी, जबकि होटल मालिक दीपक जायसवाल रिसेप्शन पर मौजूद



थे। पीड़िता के अनुसार रात करीब 12:05 बजे उसके कमरे के दरवाजे पर जोर-जोर से दस्तक हुई। जब वह बाहर आई तो देखा कि एक नाबालिग लड़की के परिजन और 6-7 युवक वहां खड़े थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटियां घर से लापता हैं और उनका ठिकाना पीड़िता को ही पता है। युवती ने उन्हें बताया कि उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

शिकायत में बताया गया है कि इसके बाद लड़की की मां, दादी और पन्ना नामक महिला ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जबकि साथ आए युवकों ने होटल मालिक दीपक जायसवाल के साथ भी हाथापाई की। आरोपियों ने युवती को होटल से नीचे खींच लिया और टाइल से उसके सिर पर वार किया। इसके बाद उसे जबरन कार में बैठाकर हरियाणा के पानीपत जिले के माछरौली गांव ले जाया गया। पीड़िता का आरोप है कि रास्ते में भी उसके साथ मारपीट की जाती रही।

पीड़िता के मुताबिक आरोपियों के पास तीन गाड़ियां थीं और वे सुबह करीब 4 से 5 बजे माछरौली गांव पहुंचे। वहां पूरे दिन उसे कार में ही बैठाकर रखा गया। बाद में जब आरोपियों को पता चला कि लड़कियों के गायब होने में पीड़िता का कोई हाथ नहीं है, तो उन्होंने पीड़िता और एक अन्य लड़की को सांबलखा बस स्टैंड से चंडीगढ़ जाने वाली बस में बैठा दिया। इसके बाद पीड़िता जीरकपुर लौटकर वापस होटल पहुंची। पुलिस चौकी बलटाना के इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने बताया कि युवती के बयान के आधार पर सोनू, विशाल, पन्ना, सुहाना की मां और दादी सहित 4-5 अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और होटल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# छत गांव में युवक पर जानलेवा हमला, दो दिन से अस्पताल में भर्ती, पुलिस बयान लेने नहीं पहुंची

जीरकपुर, यूटर्न, 07 मार्च। जीरकपुर के छत गांव में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कुछ हमलावरों ने एक युवक पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक पिछले दो दिनों से अस्पताल में भर्ती है, लेकिन अभी तक पुलिस उसके बयान लेने तक नहीं पहुंची, जिससे परिवार में नाराजगी और डर का माहौल बना हुआ है। छत गांव निवासी शाहिद ने बताया कि



वह रोज की तरह सुबह अपने घर से काम के लिए निकल रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया और बिना किसी वजह उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लोहे की रॉड से उस पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसके सिर, कमर और बाजू पर गंभीर चोटें आईं। हमले में शाहिद के सिर पर गहरी चोट लगने के कारण उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसके सिर में गंभीर घाव होने के चलते 9 टांके लगाने पड़े।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372